an>

Title: Regarding directing Uttar Pradesh Government to provide action plan for providing water supply during the summer.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आता है जो बिल्कुल मध्य भारत में स्थित है। उत्तर प्रदेश की दक्षिणी सीमा जो मध्य प्रदेश से लगी हुई है, मैं उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले दो माह से पेयजल का इतना गंभीर संकट है कि वहां सैंकड़ों की संख्या में ऐसे गांव हैं जहां दूसरे गांव से पानी लाना पड़ रहा है। वहां जानवरों के पीने के लिए पानी का कोई इंतजाम नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार के पास उसके लिए कोई कार्य योजना नहीं है। पिछले 3-4 महीने से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के सम्पर्क में रहकर हमने प्रयास किया कि कम से कम पेयजल का इंतजाम हो सके, लेकिन अभी तक नहीं हो सका। यहां ग्रामीण विकास मंत्री जी उपस्थित हैं। मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि अगर उत्तर प्रदेश की कार्य योजना प्राप्त हो जाए तो हम पूरे संसदीय क्षेत्र को पेयजल उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाते हैं। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वह इसमें हस्तक्षेप करके उत्तर प्रदेश सरकार से कार्य योजना मंगवाए। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने अपनी कार्य योजना भेजी है और भारत सरकार ने उसमें 90 प्रतिशत पैसा भेजा है। वहां पेयजल की व्यवस्था हो रही है। मेरा निवेदन है कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि वहां से पेयजल की पूरी व्यवस्था बनकर आए ताकि हमारे वहां के जानवर और रहने वाले नागरिकों को आने वाली गर्मी से पहले पेयजल उपलब्ध हो सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel.

19.00 hours